Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stoppage of trains in Bhilwara Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): कोविड-19 माहमारी के चलते देश भर में लॉकडाउन के कारण से आवागमन रूका और रेल सेवाएं भी बड़े पैमाने पर बाधित हुई, अब यात्री ट्रेने देश भर में पुनः चलाई जा रही है परन्तु उनका ठहराव पुराने चार्ट के अनुसार नही हो रहा है विशेष रूप से मेवाड़ एक्सप्रेस 12963/12964 जो प्रारंभ होने के साथ ही पिछले 7 वर्षों से लगातार मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा (राजस्थान) के एकमात्र रेलवे स्टेशन मांडलगढ पर रूकती थी वो ठहराव बन्द हो गया है। कोरोना के बाद जब ट्रेन वापस चली तो मेवाड़ एक्सप्रेस मांडलगढ स्टेशन पर नही रूक रही है दूसरा विषय मेरे लोकसभा क्षेत्र के रायला स्टेशन जो कि बड़ा कस्बा है, पर ट्रेन सं. 14801/14802 ईन्दौर जोधपुर के ठहराव का है इसकी मांग अनेक वर्षो से की जा रही है परन्तु ठहराव नही हुआ है। मेरा रेलमंत्री जी से निवेदन है कि उक्त दोनो स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करावे।